# Bharatiya Janata Party
*(Central Office)*
11, Ashok Road, New Delhi – 110001
**Tel. No. :** 23005700; **Fax :** 23005787

तारीख :08 जनवरी, 2014

**भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य**

भाजपा बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हुई हिंसा को गंभीरता से लेती है।

हांलाकि हम मानते हैं कि बांग्लादेश की घरेलू सुरक्षा का मुद्दा उसका आंतरिक मामला है, लेकिन चुनाव के बाद हुई हिंसा इतने तक ही सीमित नहीं है। खबर है कि ''बहुत ही सुनियोजित तरीके से हमले किये गए..........अधिकतर हमले उत्तरी ठाकुरगांव जिले, दक्षिणी चिटगांव और पश्चिमी जैसोर के अल्पसंख्यक बहुल गांवों में हुए।'' बांग्लादेश के मीडिया ने चार जिलों में हिन्दू समुदायों पर हुए इन हमलों को घिनौनी कार्रवाई बताया है। यह भी कहा गया है कि चुनाव के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों घरों को आग लगा दी गई और उन्हें लूटा गया।

इसी तरह पाकिस्तान हिन्दू परिषद ने हिन्दू लड़कियों को निशाना बनाकर उनके उत्पीड़न और उनके साथ बलात्कार के बाद जबरन धर्मान्तरण की घटनाओं को लेकर चेताया है। पाकिस्तान के डॉन.कॉम ने दावा किया है कि हिन्दू लड़कियों के जबरन धर्मान्तरण, अन्य तरह के भेदभाव और अपराधों–जैसे हिन्दू मन्दिरों पर हमलों के कारण 3,000 हिन्दू 2012 में भागकर भारत आ गए। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की एक समाचार सेवा–आईआरआईएन ने हिन्दू लड़कियों को निशाना बनाकर उनके साथ हुए बलात्कार और उसके बाद उनके इस्लाम में जबरन धर्मान्तरण की खबर दी है। भारतीय मीडिया ने खबर दी है कि इस बढ़ती प्रवृत्ति के कारण अकेले कराची में हर महीने ऐसी 15–20 वारदातों की खबर है। एशियाई मानवाधिकार आयोग (एएचआरसी) ने भी इसी तरह की खबर दी है। हमारे पड़ोस में, चाहे वह बांग्लादेश हो या पाकिस्तान, हो रही अस्थिरता के कारण अल्पसंख्यक नागरिकों अधिकतर हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें परेशान किया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय को इन मुद्दों को कूटनीतिक हलकों में सावधानी से उठाना चाहिए।

**(इंजी. अरुण कुमार जैन)**
**कार्यालय सचिव**